संसद सदस्यों ने श्री सी. राजगोपालाचारी को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 10 दिसम्बर, 2015: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन, केन्द्रीय गृह मंत्री, श्री राजनाथ सिंह; केन्द्रीय शहरी विकास, आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री, श्री एम. वेंकैया नायडू ; राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष, श्री गुलाम नबी आजाद; राज्य सभा के उपसभापति प्रो. पी.जे.कुरियन; लोक सभा के उपाध्यक्ष, डा. एम. तम्बिदुरै; और पूर्व उप-प्रधानमंत्री तथा आचार समिति के सभापति, श्री लाल कृष्ण आडवाणी ने आज श्री सी. राजगोपालाचारी की जयंती पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए ।

श्री सी. राजगोपालाचारी को श्रद्धांजलि देने वाले अन्य विशिष्टजनों में अनेक केन्द्रीय मंत्री, संसद सदस्य और पूर्व संसद सदस्य शामिल थे । लोक सभा के महासचिव, श्री अनूप मिश्रा और राज्य सभा के महासचिव, श्री शमशेर के. शेरिफ ने भी श्री सी. राजगोपालाचारी को श्रद्धासुमन अर्पित किए ।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित श्री सी. राजगोपालाचारी के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई ।

संसद के केन्द्रीय कक्ष में श्री सी. राजगोपालाचारी के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एन. संजीवा रेड्डी ने 21 अगस्त, 1978 को किया था ।